हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 2 अप्रैल 2024
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

बतौली कॉलेज में विद्यार्थियों को मतदान के लिए दिलाई गई शपथ
3



## खबर संक्षेप

### नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन 7 तक

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ में शासकीय और निजी कॉलेजों में वर्ष 2024-25 शैक्षणिक सत्र में स्नातक नर्सिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 7 अप्रैल निर्धारित कर दी गई है। बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन व्यावसायिक परीक्षा मण्डल की वेबसाइट पर ऑनलाईन आवेदन भर सकते है। बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 13 जून को आयोजित होगी। व्यावसायिक परीक्षा मण्डल के संयुक्त नियंत्रक जे सिंह ने बताया कि बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन परीक्षा शुल्क अभ्यर्थियों से नहीं लिया जाएगा। अभ्यर्थियों को ऑनलाईन आवेदन भरने के बाद 8 से 10 अप्रैल तक त्रुटि सुधार की सुविधा भी रहेगी। स्कूटनी एवं प्रवेश प्रक्रिया छत्तीसगढ़ नर्सिंग पाठ्यक्रम प्रवेश नियम 2019 और संशोधन नियम 2022 के प्रावधानों के तहत की जाएगी।

### महिला पर टांगी से जानलेवा हमला, युवक गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** सीतापुर पुलिस ने दशकर्म कार्यक्रम के दौरान महिला पर टांगी से जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना अंतर्गत कटनईपारा निवासी 60 वर्षीया धनकुंवर अपने देवर के बेटे प्रमोद सिंह के साथ बेटी सोभावती के जेठानी के दशकर्म कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आई हुई थी। चंदनपान कार्यक्रम जब वृद्धा घर के अंदर बैठी थी तो दामाद प्रेमनाथ ने उसे पकड़कर बाहर निकाल दिया और दरवाजा अंदर से बंद कर बेटी सोभावती के सिर पर टांगी से प्राणघातक हमला किया। महिला को मृत समझकर युवक घर से भाग निकला जिसके बाद परिजन द्वारा महिला को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस दौरान पुलिस ने मामले में शिकायत के बाद बिरिमकेला निवासी 47 वर्षीय प्रेमनाथ आ. खुलन सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त टांगी को जब्त करने के साथ ही युवक को धारा 307 के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना बतौली से प्रधान आरक्षक देवेन्द्र प्रताप सिंह, फलेन्द्र पैंकरा, आरक्षक राजेश खलखो, एहसान फिरदौसी, अशोक भगत, रामदेव, भगलू राम पैकरा, गजानन सिंह, महिला आरक्षक मेरीक्लारेट, सैनिक बजरंग, रामभरोस, सीताराम आदि सक्रिय रहे।



### खेत में लगा लोहे का पाइप व जाली ले उड़े चोर

**अम्बिकापुर।** खेत में लगाए गए लोहे का खंभा व जाली को चोरों ने पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार बनारस रोड निवासी राजकुमार पाण्डेय आ. स्व. अवध किशोर पाण्डेय ग्राम बलसेडी स्थित अपने घर में लोहे का पाइप से जाली लगाकर घेरा था। खेती बाड़ी के लिए अधिया में जददुराम को दिया। 18 मार्च को खेत गया तो देखा खेत में लगा खंभा सहित जाली गायब था। खेत से लगभग 20 हजार कीमत के लोहे का खंभा व जाली चोरी होने की रिपोर्ट राजकुमार पाण्डेय ने गांधीनगर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 379 के तहत अपराध दर्ज किया है।


रमज़ान मुबारक
तेईसवां रोज़ा
आज का इफ्तार - 6.17 बजे
कल की सेहरी - 4.23 बजे

बैंक के अंदर बैठकर काउंटर में जमा की राशि, बैंक का सील व फर्जी हस्ताक्षर कर दी पावती

# बैंककर्मी बनकर कमीशन एजेंट ने ग्राहकों के 20 लाख रुपए किए हजम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

बैंक के अंदर बैठकर लोगों की जमा पूंजी पर हाथ साफ करने के मामले में पुलिस ने कमीशन एजेंट को गिरफ्तार किया है। बैंककर्मी नहीं होते हुए भी कमीशन एजेंट ने सेन्ट्रल बैंक में बैठकर लोगों के पैसे जमा किए और लोगों की गाढ़ी कमाई को हजम कर जमीन खरीदने के साथ ही मकान का निर्माण करा लिया। इतना ही नहीं उसने अपने अपने चाचा को भी ठगी के रकम को ट्रैक्टर खरीदने के लिए दिया। इस मामले का खुलासा होने के बाद पुलिस ने जांच उपरान्त आरोपी को गिरफ्तार किया है।

**खास बात**
- खातों में नहीं पहुंची राशि तो खुला राज

आरोपी द्वारा अब तक 20 लाख 57 हजार 600 रुपए की ठगी करने की बात पुष्टि हुई है। पुलिस ने ग्राहकों की राशि से खरीदे गए जमीन, मकान व ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है। बताया जा रहा है कि अंबिकापुर निवासी अधिक्वता सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया धनंजय मिश्रा ने सूरजपुर पुलिस से शिकायत की थी कि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की महगंवा शाखा का व्यावसायिक प्रतिनिधि अभिषेक प्रताप सिंह जो वास्तविक के एक कमीशन एजेंट है उसके द्वारा बैंक में कर्मचारी के रूप में काम करते हुए लोगों से ठगी की गई। पुलिस के अनुसार आरोपी अभिषेक द्वारा ग्राहकों से उनके खातों में रकम जमा कराने के नाम पर पैसे लेकर राशि उनके खातों में जमा नहीं कराई गई। जब लोगों ने इस बात की शिकायत बैंक प्रबंधन से की गई तो बैंक प्रबंधन द्वारा भी इसकी विभागीय जांच कराई गई और जांच के दौरान इस बात की पुष्टि हुई कि ग्राहकों के पास जमा पर्ची मौजूद है और राशि खातों में जमा नहीं हुई है। अभिषेक प्रताप सिंह की इस हेराफेरी के कारण बैंक को भारी नुकसान हुआ है और लगभग 20 लाख 57 हजार 600 रुपए की ठगी की गई है। आरोपी द्वारा छलपूर्वक लोगों को राशि को अपने पास रख लिया गया व फर्जी कूटरचना कर बैंक का फर्जी सील एवं दस्तावेज तैयार कर हेराफेरी की है। इस मामले की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एसपी एम.आर.आहिरे द्वारा मामले की जांच के निर्देश दिए गए थे। एसपी के निर्देश पर एएसपी संतोष महतों, सीएसपी एसएस पैकरा के मार्गदर्शन में पुलिस टीम द्वारा मामले की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान आरोपी को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर अभिषेक प्रताप सिंह को घेराबंदी पर हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420, 419, 467, 468, 471 के तहत कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सूरजपुर विमलेश दुबे, एसआई संदीप कौशिक, पियुष चन्द्राकर, प्रधान आरक्षक विवेकानंद सिंह, इसित बेहरा, आरक्षक सुशील मिंज, रामप्रसाद पैकरा व महिला आरक्षक नीता भण्डारी सक्रिय रहे।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### इस तरह किया फर्जीवाड़ा

पुलिस के अनुसार पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि बैंक में जो ग्राहक जमाकर्ता पैसे जमा करने के लिए आते थे उसका जमा पर्ची में बैंक का सील लगाकर अपना हस्ताक्षर कर पावती दे देता था और पैसे को अपने पास रख लेता था। बैंक ग्राहको से जो रकम मिला उस रकम से गांव में अपने पिता के नाम से जमीन खरीदा हैं, मकान-दुकान बनवाया है तथा चाचा के नाम से महेन्द्रा ट्रेक्टर खरीदने में पैसे दिया है। आरोपी के निशानदेही पर सील, जमीन क्रय करने संबंधी दस्तावेज एवं महेन्द्रा ट्रेक्टर को जब्त किया गया। आरोपी ने लोगों के पैसों को हजम करने के साथ ही बैंक कर्मचारी नहीं होते हुए भी बैंक का सील व फर्जी हस्ताक्षर कर कूटरचना करने की बात कबूल की है।

# महिला पर्यवेक्षक की नौकरी लगाने के नाम पर सवा छह लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

खुद को मंत्रालय का कर्मचारी व टामन सिंह सोनवानी का भतीजा बताकर एक युवक द्वारा महिला पर्यवेक्षक के पद पर नौकरी लगाने के नाम पर सवा छह लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। ठगी के शिकार लोगों ने मामले की शिकायत गांधीनगर थाने में की है। युवतियों ने कथित कर्मचारी को ऑनलाइन भुगतान किया गया था। पुलिस को दी गई शिकायत में सरगवां निवासी वीरेंद्र गुप्ता आ. तपेश्वर गुप्ता ने बताया कि वह वह दीपक ठाकुर आ. सुरेंद्र ठाकुर के गंगापुर स्थित सलून में गया था। इस दौरान दीपक ने वीरेंद्र को बताया कि उसका भाई विकास ठाकुर मंत्रालय का कर्मचारी है और नौकरी लगाता है। उसने युवक को अपने भाई विकास ठाकुर का मोबाइल नंबर दिया। इस दौरान झांसे में आकर 23 जुलाई 2023 को उसने मोबाइल फोन पर विकास से बात की तो उसने खुद को मंत्रालय का कर्मचारी बताते हुए यह भी कहा कि टामन सिंह सोनवानी उसके अपने चाचा है और वह उनकी नौकरी लगवा देगा। झांसे में आकर उसने पत्नी पूजा गुप्ता, रिस्तेदार सुषमा गुप्ता, चांदनी बाला गुप्ता, नेहा गुप्ता, सारो गुप्ता, सुषमा जायसवाल, लक्ष्मी जायसवाल की महिला पर्यवेक्षक के पद पर नौकरी लगाने के नाम पर 25 जुलाई से 24 सितंबर 2023 के बीच अलग अलग किस्तों में 6 लाख 25 हजार रुपए फोन पे के माध्यम से लिए। विकास ठाकुर ने उन्हें आश्वस्त किया था कि अगर नौकरी नहीं लगती है तो रुपए वापस कर दिया जाएगा लेकिन जब नौकरी नहीं लगी तो लोगों ने अपने पैसे वापस मांगे। ऐसे में युवक टाल मटोल करता रहा और काफी दबाव बनाने पर फोन पे के माध्यम से महज 20 हजार रुपए ही वापस किए। युवक लगातार उन्हें झूठा आश्वासन देता रहा और फिर से नौकरी मिलने का झांसा देकर 25 हजार रुपए ठग लिए। इसके बाद युवक अलग अलग बहाने बाजी करता रहा। युवक ने उन्हें जमीन बेचकर पैसे देने का वादा किया लेकिन इसके बाद भी पैसे नहीं मिले तो ठगी के शिकार लोगों ने मामले की शिकायत पुलिस से की है और मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

- खुद को बताया मंत्रालय का कर्मचारी, थाने में की गई शिकायत

### नौकरी लगवाने के नाम पर ग्रामीणों से 1 लाख 47 हजार की ठगी



**कुसमी।** सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर एक व्यक्ति ने दो ग्रामीणों से 1 लाख 47 हजार रूपए ठग लिए। नौकरी नहीं लगने तथा दिए राशि के वापस नहीं करने पर पीड़ित ग्रामीण ने घटना की शिकायत कलेक्टर से की है। साथ ही रुपए वापस दिलाने और दोषी के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। विकासखंड कुसमी के प्रेम नगर निवासी सुधन आ. मनसित भुइहर (44 वर्ष) एवं नान साय आ. स्व. समाजू का आरोप है कि ग्राम पंचायत बादा निवासी वासुदेव मरकाम लगभग पांच वर्ष पूर्व स्कूल में सरकारी नौकरी भोजन बनाने और चपरासी के पद पर नौकरी लगवाने के नाम से सूधन से 85 हजार रुपय एवं नान साय से 62 हजार रुपये नकद लिया परंतु कई साल बीत जाने के बाद भी नौकरी नहीं लगी। पीड़ित ग्रामीणों ने घटना की शिकायत कलेक्टर की तथा राशि वासुदेव से राशि दिलवाने की मांग की गई है। सुधन का कहना है कि वासुदेव मरकाम से कई बार पैसा की मांग की परंतु आज तक वापस नहीं किया।

# देशी रिवाल्वर के साथ तीन लुटेरे गिरफ्तार भागते समय गिरकर घायल हुए आरोपी



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

रिवाल्वर की नोक पर लूट की घटना को अंजाम देकर फरार हो रहे युवकों को पकड़ने में सफलता मिली है। भाग रहे लुटेरों को ग्रामीणों की मदद से पहले ही पकड़ लिया गया जबकि फरार हुए तीसरे आरोपी को भी पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से देशी रिवाल्वर, जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। बताया जा रहा है कि जरहाखाड़ निवासी प्रभु बेसरा आ. स्व. क्षीर कुंवर बेसरा 30 मार्च की शाम घर लौट रहे थे। इस दौरान सामरी रोड में भूपका नाला मगाजी चौक के समीप बाइक सवार तीन युवकों द्वारा ग्रामीण को पिस्टल दिखाकर 8 सौ रुपए नगदी व मोबाइल फोन की लूट की गई थी। लूट के बाद आरोपी चांदो की तरफ भाग निकले थे। इस घटना की सूचना पुलिस को दी गई थी जिसके बाद एसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर एएसपी शैलेन्द्र पांडे के मार्गदर्शन एवं पर्यवेक्षण में थाना प्रश्नारी चांदो निरीक्षक भापेन्द्र साहू नेतृत्व में पुलिस टीम घेराबंदी कर आरोपियों की तलाश कर रही थी इसी बीच जानकारी आई कि बाइक सवार युवक भागते समय चुरुंडा नाला के समीप जवाखाड़ में बाइक से गिरकर घायल हो गए और ग्रामीणों ने उन्हें पकड़ लिया। घायलों में एक युवक मौके से भागने में सफलता रहा। ऐसे में पुलिस टीम द्वारा ग्रामीणों की मदद से दोनों युवकों को पकड़कर पूछताछ की गई। पकड़े गए युवकों की पहचान झारखंड के गढ़वा के रंका गोदरमाना निवासी 24 वर्षीय विवेकानंद चौबे आ. अनिल चौबे व रामानुजगंज वार्ड क्रमांक 14 निवासी 19 वर्षीय समीर कुशवाहा आ. रामचंद्र कुशवाहा के रूप में की गई। आरोपियों ने पूछताछ के दौरान अपना जुर्म कबूल करते हुए रामानुजगंज निवासी 26 वर्षीय राकेश यादव आ. विजय यादव के साथ लूट की वारदात को अंजाम देने की बात कबूल की। पुलिस ने आरोपियों से देशी रिवाल्वर व एक नग जिंदा कारतूस, मोबाइल फोन बरामद किया गया। इसके साथ ही पुलिस ने अब फरार तीसरे आरोपी राकेश यादव को भी गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी चांदो गिरीश सहाय, प्रधान आरक्षक जयपाल, आरक्षक विश्वनाथ सिंह, आरक्षक अमर साय, आरक्षक सलीम एक्का, सैनिक बजरंग गुप्ता आदि सक्रिय रहे।

- ग्रामीणों ने पकड़कर दो को किया पुलिस के सुपुर्द, तीसरे को घेराबंदी कर पकड़ा गया

# गर्मी: बदला स्कूलों का समय, डीईओ ने जारी किया आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अप्रैल माह से जिला प्रशासन व स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शाला संचालन के समय में परिवर्तन किया है। भीषण गर्मी के प्रकोप को देखते हुए कलेक्टर के निर्देश पर डीईओ ने सरगुजा जिले में समस्त स्कूलों के लिए यह आदेश जारी किया है। डीईओ अशोक सिन्हा द्वारा 31 मार्च की देर रात ही यह आदेश जारी किया गया लेकिन पहले दिन इसका पालन ज्यादातर स्कूलों में नहीं कराया जा सका। अधिकारियों द्वारा 2 अप्रैल से सभी स्कूलों ने निर्धारित समय पर स्कूल संचालन कराए जाने की बात कही जा रही है। बता दें कि मार्च महीने के अंतिम सप्ताह में तापमान में भारी वृद्धि देखी गई है और अधिकतम तापमान 36 डिग्री तक पहुंच गया है। भीषण गर्मी का असर स्कूल में बच्चों की सेहत पर पड़ सकता है ऐसे में कलेक्टर भोस्कर विलास के निर्देश पर डीईओ द्वारा यह आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार अप्रैल माह में समस्त विद्यालयों के संचालन हेतु समय सीमा सुबह 7.30 से 11.30 बजे तक निर्धारित किया गया है। आदेश के परिपालन के लिए समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारियों, हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों के प्राचार्यों और प्राथमिक शाला व पूर्व माध्यमिक शालाओं के सभी प्रधान पाठकों को निर्देश दिए गए हैं।

### बलरामपुर में दो पालियों में संचालन

लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देशानुसार कलेक्टर रिमिजियुस एक्का के द्वारा वर्तमान में तेज गर्मी को देखते हुए आदेश जारी कर जिले में संचालित होने समस्त शासकीय, प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाई स्कूल, उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में शाला संचालन समय में परिवर्तन किया है। जारी आदेशानुसार एक पाली में संचालित होने वाली प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाई एवं हायर सेकेण्डरी शालाएं सोमवार से शनिवार तक प्रातः 7.30 बजे से 11.30 बजे तक तथा दो पाली में संचालित होने वाली प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में प्रथम पाली में सोमवार से शनिवार तक प्रातः 7.30 बजे से 11.30 बजे व द्वितीय पाली में संचालित होने वाली हाई एवं हायर सेकेण्डरी शालाएं सोमवार से शनिवार तक प्रातः 11.30 बजे से 3.30 बजे तक संचालित होगी। यह आदेश 1 अप्रैल से 30 अप्रैल 2024 तक प्रभावशील होगा।

# जंगल को सुरक्षित रखने होगी तारबंदी

**बैकुण्ठपुर।** बैकुंठपुर से सोनहत मार्ग पर स्थित घाटी क्षेत्र के जंगलों को सुरक्षित रखने के लिए वन विभाग द्वारा सड़क किनारे तारबंदी करने की तैयारी में है, इसके लिए सीमेंट के पोल गाडे जा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार वन विभाग द्वारा सोनहत मार्ग पर स्थित घाटी क्षेत्र के जंगलों को सुरक्षित करने के लिए तारबंदी करने की तैयारी में है, इसके लिए सड़क किनारे पोल लगाया गया। इसके लिए घाटी के शुरूआत यू टर्न के पास से सड़क किनारे पोल लगाए जा रहे हैं, जो लंबी दूरी तक सड़क किनारे वनों को सुरक्षित करने के लिए पोल लगाने का कार्य लगभग पूरा कर लिया गया है। लगाए गए पोल में कांटेदार तार की घेराबंदी कर दी जाएगी, जिससे कि वनों को सुरक्षित किया जा सके। वनों की सुरक्षा के लिए तलहटी क्षेत्र को भी सुरक्षित करने की जरूरत है। उल्लेखनीय है कि शिवघाटी क्षेत्र में आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं सुबह होने के साथ ही घाटी के जंगलों में पहुंच कर छोटे साल पेड़ों को काटकर ले जाते हैं, इससे वनों को नुकसान पहुंचता है। शादी विवाह के सीजन में मड़वा गाड़ने के लिए भी बड़ी मात्रा में घाटी क्षेत्र से वनों की कटाई की जाती है।




# लिफाफे में मिला दूसरे विषय का प्रश्नपत्र, बीकॉम मैनेजमेंट एकाउंट की परीक्षा निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सोमवार को बीकॉम तृतीय वर्ष की मैनेजमेंट एकाउंट की परीक्षा को विवि प्रबंधन ने आनन-फानन में निरस्त कर दिया। तृतीय पाली में आयोजित परीक्षा में शामिल होने बड़ी संख्या में परीक्षार्थी पहुंचे थे। परीक्षार्थियों को विवि द्वारा परीक्षा निरस्त करने आगामी 19 अप्रैल को परीक्षा आयोजित करने की सूचन दी तो परीक्षार्थी बैरंग घर लौट गए।

इस संबंध में कुलसचिव डा.एसपी त्रिपाठी ने बताया कि परीक्षा केन्द्रों को प्रश्नपत्र भेजे गए थे। प्रिंटर द्वारा प्रश्नपत्र के लिफाफे पर गलत कोड डालने के कारण लिफाफे में दूसरे विषय का प्रश्न पत्र निकला। यह घटना संज्ञान में आते ही सभी परीक्षा केन्द्रों को परीक्षा निरस्त करने एवं 19 अप्रैल को दोबारा मैनेजमेंट एकाउंट की परीक्षा आयोजित करने की सूचना दी गई। प्रिंटर द्वारा प्रश्नपत्र के लिफाफे पर गलत कोड अंकित करने के कारण इस तरह की तकनीकी समस्या हुई। इसका प्रभाव आगे की परीक्षा एवं मूल्यांकन पर नहीं पड़े इसलिए 19 अप्रैल को परीक्षा की तिथि निर्धारित की गई है।

### लगातार सामने आ रही गलतियां

बीकॉम की परीक्षा रद्द करने को लेकर युवा कांग्रेस आरटीआई चेयरमैन एवं सरगुजा लोकसभा सह संयोजक हिमांशु जायसवाल ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा बीकॉम अंतिम वर्ष मैनेजमेंट अकाउंट की परीक्षा आज अचानक रद्द कर दी गई। इस संबंध में विवि प्रबंधन से जानकारी ली गई तो बताया गया कि टेकिनल प्रॉब्लम के कारण परीक्षा रद्द की गई है। उन्होंने कहा कि आखिर क्या कारण है कि आनन फानन में परीक्षा रद्द किया जबकि समय सारिणी पहले से निकली गयी थी। पूर्व में भी सिलेबस से बाहर का प्रश्न देने का मामला सामने आ चुका है। ऐसी गलतियों को सुधार नहीं होने व भविष्य में पुनरावृत्ति होने पर छात्र हित में विरोध प्रदर्शन व विवि में तालाबंदी की जाएगी।

अंतिम शनिवार एवं रविवार की रात्रि 11 बजे तक चलता रहा काम

# उप पंजीयक कार्यालय को लक्ष्य से 2 फीसदी कम मिला राजस्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मार्च के महीने में अवकाश के दिन भी पंजीयन कार्यालय खुला रहा तथा लगातार प्रापर्टी की रजिस्ट्री भी हुई इसके बावजूद उपपंजीयक कार्यालय का राजस्व लक्ष्य पूरा नहीं हो सका। इस बार उपपंजीयक कार्यालय को निर्धारित लक्ष्य की तुलना में 2 फीसदी कम राजस्व मिला। राज्य सरकार ने पिछले पांच सालों से गाइडलाइन में दी गई 30 फीसदी छूट को नए वित्तीय वर्ष में समाप्त कर दिया है 1 अप्रैल से नई गाइडलाइन जारी कर दी गई है। राज्य सरकार द्वारा गाइडलाइन में वृद्धि नहीं की गई है लेकिन जुलाई 2019 से गाइड लाइन में दी गई 30 फीसदी की छूट समाप्त होने के कारण अब बढ़ी दर से प्रापर्टी की रजिस्ट्री होगी। शासन ने इसकी घोषणा पूर्व में ही कर दी थी तथा शनिवार एवं रविवार के अवकाश के दिन भी पंजीयन कार्यालय को खोलने एवं पूर्व की तरह रजिस्ट्री करने के निर्देश दिए थे। होली को छोड़कर अन्य अवकाश के दिनों में भी लगातार प्रापर्टी की रजिस्ट्री हुई। नए वित्त वर्ष में गाइडलाइन में मिली छूट खत्म होने की जानकारी अंतिम दिनों में होने के कारण शनिवार व रविवार को प्रापर्टी की रजिस्ट्री कराने भारी भीड़ उमड़ी तथा रात्रि 11 बजे तक कार्यालय में रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूरी की गई। प्रथम शनिवार एवं रविवार के अवकाश के दन क्रमशः 9 एवं 11 रजिस्ट्री की गई वहीं वित्तीय वर्ष के अंतिम शनिवार को 40 एवं रविवार को 46 रजिस्ट्री हुए। शासन द्वारा उपपंजीयक कार्यालय के लिए 30 करोड़ राजस्व का लक्ष्य निर्धारित किया गया था लेकिन अंतिम दिन तक विभाग को 29.33 करोड़ का राजस्व हासिल हुआ। उपपंजीयक सिद्धार्थ शंकर मिश्रा ने बताया कि अंतिम समय में 30 से अधिक बड़ी प्रापर्टी का पटवारी रिकार्ड अद्यतन नहीं होने के कारण रजिस्ट्री रोकनी पड़ी। रिकार्ड दुरूस्त होने की स्थिति में राजस्व लक्ष्य आसानी से हासिल हो सकता था। एक दिन प्रतापपुर कार्यालय में पूरे अमले के साथ उपस्थित रहने से भी कार्य प्रभावित होने के कारण राजस्व में कमी आई है।




### सोमवार को बंद रही रजिस्ट्री

सोमवार को विभाग द्वारा नई गाइडलाइन के अनुसार सिस्टम को अपडेट करने के कारण वित्तवर्ष के प्रथम दिवस प्रापर्टी की रजिस्ट्री बंद रही। अब मंगलवार से नई गाइडलाइन दर से 30 फीसदी अधिक दर पर रजिस्ट्री होगी।

1 APR-Jash-RAGH-CORIY-SARGUJA-Bhoomi pg-2_Layout 1 4/1/2024 8:24 PM Page 1



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## टाइटैनिक' में हीरोइन की जान बचाने वाला लकड़ी का टुकड़ा हुआ नीलाम



हॉलीवुड के इतिहास के कई सबसे मशहूर प्रॉप्स की पिछले हफ्ते नीलामी की गई, जिनमें द शाइनिंग का ऐक्स, फॉरेस्ट गंप की चॉकलेट का संग्रह और इंडियाना जोन्स का भरोसेमंद व्हिप शामिल हैं। इन खजानों में से सिनेमा का सबसे चर्चित प्रॉप्स पांच करोड़ रुपये यानी 718,750 डॉलर से अधिक में बेचा गया है। यह कुछ और नहीं बल्कि, लकड़ी का तैरता हुआ टुकड़ा था, जिसने 'टाइटैनिक' के 'रोज' को जीवित रखा, लेकिन जैक डॉसन को डूबने से नहीं रोक सका। रिपोर्ट्स के अनुसार, यह बिक्री प्लैनेट हॉलीवुड रेस्तरां और रिजॉर्ट समूह द्वारा आयोजित प्रोप और कॉस्ट्यूम नीलामी के दौरान हुई थी। नीलामीकर्ताओं हेरिटेज ऑक्शन के अनुसार इस प्रोप यानी लकड़ी के दरवाजे को मलबे के एक पूरे टुकड़े से बनाया गया था, जो 1912 की आपदा से बरामद किया गया था। 'टाइटैनिक' के एक दृश्य में इस्तेमाल किए गए इस लकड़ी के टुकड़े को नीलामी में 718,750 डॉलर यानी 5,99,25,637 रुपये में बेचा गया है। टाइटैनिक की रिलीज के बाद से प्रशंसकों को आश्चर्य हो रहा है कि क्या जैक अपनी प्रेमिका रोज के साथ खुद को भी सुरक्षित रखने के लिए उस लकड़ी के दरवाजे पर फिट नहीं हो सकता था। 'टाइटैनिक' के इस दृश्य में लियोनार्डो डि कैप्रियो द्वारा निभाए गए किरदार 'जैक' को दिखाया गया था, जो खुद बर्फीले पानी में रहता है, लेकिन रोज को बचाने के लिए उसे लकड़ी के उस दरवाजे पर चिपके रहने की सलाह देता है और खुद दम तोड़ देता है। फिल्म का अंत लोगों को भावुक कर देता है। जिसके बाद से दर्शकों ने रोज को स्वार्थी करार दिया। टाइटैनिक के निर्देशक जेम्स कैमरून ने एक बार खुलासा किया कि उन्हें हर दिन सैकड़ों पत्र मिलते हैं, जिनमें रोज को स्वार्थी और जैक को बेवकूफ करार दिया जाता है, लेकिन उन्होंने यह कहकर चर्चा खत्म कर दी कि स्क्रिप्ट का पालन करने के लिए जैक को मरना होगा। उन्होंने कहा कि हो सकता है कि हमने गड़बड़ कर दी हो और बोर्ड थोड़ा छोटा होना चाहिए था, लेकिन कहानी में जैक को मरना ही था।

### टॉलीवुड


## विश्वक की आगामी फिल्म का फर्स्ट लुक हुआ जारी



तेलुगु अभिनेता और निर्देशक विश्वक सेन इन दिनों अपनी हालिया रिलीज 'गामी' को लेकर चर्चा में है। वहीं, विश्वक आज अपना 29वां जन्मदिन भी मना रहे हैं। अपने जन्मदिन के मौके पर अभिनेता ने फैंस को खास तोहफा दिया है। जन्मदिन के मौके पर विश्वक के अगली फिल्म के टाइटल और फर्स्ट लुक से पर्दा उठा दिया गया है। फिल्म के फर्स्ट लुक में विश्वक एंग्री यंग मैन अवतार में नजर आ रहे हैं, जिसके बाद से दर्शकों में इस फिल्म को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। विश्वक के जन्मदिन के मौके पर मेकर्स ने अभिनेता के 10वें फिल्म की घोषणा की। विश्वक की आगामी फिल्म का 'मैकेनिक रॉकी' रखा गया है। वहीं फिल्म के फर्स्ट लुक में विश्वक का लुक बेहद धांसू नजर आ रहा है। हाथ में रिंच लिए हुए विश्वक पोस्टर में सिगरेट पीते हुए नजर आ रहे हैं। हल्की दाढ़ी के साथ विश्वक का शरारती अंदाज बेहद शानदार नजर आ रहा है। गौरतलब है कि विश्वक की यह फिल्म एक एक्शन कॉमेडी होगी, जिसमें खूबसूरत अभिनेत्री मीनाक्षी चौधरी उनके अपोजिट नजर आएंगी। फिल्म का निर्माण एसआरटी एंटरटेनमेंट बैनर तले किया जा रहा है, जिसे रवि तेजा मुल्लापुडी निर्देशित कर रहे हैं। फिल्म का म्यूजिक जेक्स बेजॉय तैयार कर रहे हैं। वहीं, सिनेमैटोग्राफर मनोज कटासानी करेंगे। ।फिल्म की रिलीज और अन्य जानकारी अभी प्रतीक्षा में है।

### भोजपुरी

## 'ममता की छांव में' झकझोर देगी दर्शकों को, अरविंद का धमाका



भोजपुरी स्टार अरविंद अकेला कल्लू की फिल्में खूब पसंद की जाती हैं। एक बार फिर से एक्टर एक जबरदस्त फिल्म लाने की तैयारी कर रहे हैं। भोजपुरी फिल्म 'ममता की छांव में' की शूटिंग आजमगढ़ में जोर-जोर से चल रही है। इसे दिग्गज डायरेक्टर जल्द लेकर आ रहे हैं।

सुर म्यूजिक प्राइवेट लिमिटेड के बैनर से बन रही भोजपुरी फिल्म 'ममता की छांव में' की शूटिंग इन दिनों जोर शोर से उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जनपद में चल रही है। इस फिल्म में युवा दिलों की धड़कन और सुपरस्टार अरविंद अकेला कल्लू लीड रोल में नजर आ रहे हैं, वहीं उनके अपोजिट पूजा गांगुली और आस्था सिंह फीमेल लीड में हैं। इस फिल्म के निर्देशक लालबाबू पंडित हैं, जिन्होंने अब तक कई सुपर डुपर हिट भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री को दी है। वह एक ऐसे निर्देशक हैं, जिनके फिल्मों का इंतजार दर्शकों को बेसब्री से होता रहा है। वे अरविंद अकेला कल्लू को लेकर 'राज', 'दूल्हा धीरे-धीरे' जैसी हिट फिल्में भी बना चुके हैं, तो खेसारीलाल यादव के साथ भी 'फरिश्ता' जैसी फिल्मों से भी धूम मचाया है। अब, लाल बाबू पंडित एक बार फिर से नई फिल्म 'ममता की छांव में' लेकर आ रहे हैं, जिसकी कहानी बेहद मार्मिक और दिल को छू लेने वाली होगी। यह खुद लाल बाबू पंडित ने बताया है। इस फिल्म का निर्माण सुमित सिंह कर रहे हैं जो कि सुर म्यूजिक कंपनी के मालिक हैं। लाल बाबू पंडित ने कहा कि 'यह फिल्म एक मां की ममता पर आधारित है जिसमें अरविंद अकेला कल्लू एक खास किरदार निभाते नजर आंएगे। उन्होंने कहा कि हम इस फिल्म का भव्यता से निर्माण कर रहे हैं और आजमगढ़ की धरती पर सभी लोग अपना हंड्रेड परसेंट दे रहे हैं। उम्मीद है कि हम अपनी पिछली फिल्म की तरह ही एक बेहतरीन फिल्म लेकर दर्शकों के बीच में होंगे और दर्शकों से हमें खूब प्यार और आशीर्वाद भी मिलेगा।'




शादी भले ही निजी और पारिवारिक आयोजन हो लेकिन दुल्हन के तौर पर खुद को प्रेजेंट करना मॉडल्स के लिए एक चुनौती भरा काम होता है। न्यूयार्क फैशन वीक में अगले सप्ताह 2 से 4 अप्रैल तक ब्राइडल शो होने जा रहा है। इसके लिए मॉडल्स तैयारी में जुटी हैं। यहां कई नामचीन डिजाइनर अपने कलेक्शन पेश करेंगे।

## गर्मियों में ऑयली बालों पर करें लगाएं कुछ अलग हट कर


बालों लंबे और घने नजर आएं। इसके लिए अक्सर हम अलग-अलग चीजों का इस्तेमाल करते हैं। कई बार एक्सपर्ट की सलाह पर मौसम के बदलने पर ट्रीटमेंट भी कराते हैं। गर्मी का सीजन शुरू हो गया है। ऐसे में तेज धूप की वजह से आने वाले पसीने से बालों में हर समय नमी और चिपचिपापन रहेगा, जिसकी वजह से बाल ऑयली नजर आएंगे। ऐसे में जरूरी है कि आप सही चीजों का इस्तेमाल अपने बालों पर करें। इसके लिए आप आर्टिकल से सही जानकारी लेकर बालों को हेल्दी बना सकती हैं।

### लाइट शैंपू का करें इस्तेमाल

अगर आपके बाल गर्मी में ज्यादा ऑयली रहते हैं तो इसके लिए आप हफ्ते में 2 से 3 बार इन्हें वॉश करें। साथ ही जिस शैंपू का इस्तेमाल करें वो लाइट हो। ऐसा इसलिए क्योंकि अगर आप ज्याद फोम का इस्तेमाल करेंगी तो बाल ज्यादा चिपचिपे नजर आएंगे। इसके लिए आप बाजार से इस तरह के शैंपू खरीदकर इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे बाल हेल्दी रहते हैं। साथ ही गर्मी में ऑयली नजर नहीं आते हैं। आप चाहें तो ड्राई शैंपू का इस्तेमाल भी कर सकती हैं। लेकिन उस समय जब आपको जल्दी में कहीं बाहर जाना पड़े।

### हेयर मास्क का करें इस्तेमाल

अगर आपको लग रहा है कि बाल ज्यादा ऑयली नजर आ रहे हैं तो इसके लिए हफ्ते में 1 बाद दही और शहद या एलोवेरा जेल और मुल्तानी मिट्टी लगाएं। इससे बालों को पोषण भी मिलेगा। साथ ही वो सिल्की और शाइनी नजर आएंगे। आप चाहें तो अंडा भी अपने बालों में इस्तेमाल कर सकती हैं। ऑयली बालों के लिए अच्छा होता है।



### मेथी दाने का लगाएं पानी

बालों के लिए मेथी दाना काफी अच्छा होता है। अगर आप इसके पानी में करी पत्ते के रस को मिलाकर लगाती हैं तो बाल ऑयली नजर नहीं आते हैं। इसका इस्तेमाल मैं भी अपने बालों में अक्सर करती हूं। साथ ही बाल झड़ने भी बंद हो जाते हैं। इसलिए आपको इसे ट्राई करना चाहिए, ताकि बाल हेल्दी रहें। साथ ही ऑयली भी नजर न आएं। इन चीजों का इस्तेमाल आप नियमित रूप से करेंगी तो आपके बाल हेल्दी रहेंगे। साथ ही गर्मी में ऑयल भी कम दिखाई देगा।

## रिसेप्शन में दिखाना है ग्लैमरस अंदाज तो पहनें इस तरह का गाउन





हर लड़की के लिए उसकी शादी का दिन बेहद अहम होता है। इसकी तैयारी वो महीनों-महीनों पहले से करती हैं। शादी के कार्यक्रमों में जिस तरह से हल्दी, मेहंदी और संगीत काफी अहम होता है, उसी तरह से लोगों के लिए रिसेप्शन का कार्यक्रम भी काफी ज्यादा जरूरी होता है।

नई दुल्हन के लिए उसकी ससुराल में पहला कार्यक्रम रिसेप्शन ही होता है। इस कार्यक्रम में हर किसी की नजर दुल्हन पर ही होती है। एक समय था जब हर नई दुल्हन अपने रिसेप्शन के कार्यक्रम में एथनिक आउटफिट पहनती थी, लेकिन अब समय बदल गया है।



### सपना चौधरी का हैवी गाउन

अगर आप हैवी गाउन पहनकर अपना खूबसूरत और ग्लैमरस अंदाज दिखाना चाहती हैं, तो सपना चौधरी का हैवी गाउन बेस्ट विकल्प है। ऐसे गाउन आजकल चर्चाओं में भी रहते हैं। ऐसे गाउन के साथ आप क्यूट सी हेयर स्टाइल भी बना सकती हैं।



### मलाइका का ग्लैम लुक

अक्सर अपने ग्लैमरस लुक की वजह से लोगों का दिल जीतने वालीं मलाइका आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। आप उनके इस लुक से टिप्स लेकर अपना रिसेप्शन लुक तैयार कर सकती हैं।

### गौहर खान का डीपनेक लुक

हरे रंग का ये डीपनेक बॉडीकॉन गाउन आपको ग्लैमरस लुक देने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। इसके साथ अपने बालों को हल्का कर्ल जरूर करें। कर्ली बाल आपकी खूबसूरती में चार चांद लगाएंगे। इसके साथ ही डीपनेक होने की वजह से आप गले में कुछ क्लासी सा नेकपीस कैरी कर सकती हैं। बहुत से लोगों के यहां नई दुल्हनें लाल, पीला, हरा रंग ही कुछ दिनों तक पहनती हैं। ऐसे में आप कटरीना कैफ की तरह ही लाल रंग का बैकलेस स्लिट स्टाइल का गाउन अपने लिए तैयार करा सकती हैं।

## शादी में लहंगे के साथ वियर करें ये न्यू डिजाइन वाले झुमके

अगर आप लहंगा वियर कर रही हैं तो ये आउटफिट तब तक कम्पलीट नहीं होता जब तक आप इसके साथ मैचिंग ज्वेलरी ने पहन लें। वहीं ज्वेलरी में झुमके भी हैं जो आपके आउटफिट को कम्पलीट करते हैं तो वहीं ये आपके आउटफिट को परफेक्ट बनाने का काम करते हैं। वहीं इन झुमकों की वजह से आप काफी खूबसूरत नजर आती हैं। बाजार में आपको कई तरह के झुमके मिल जाएंगे लेकिन अगर आप अपने लहंगे के साथ कुछ नया ट्राई करने का सोच रही हैं या ये चाहती हैं कि आप आउटफिट के साथ कुछ न्यू डिजाइन वाले झुमके पहने तो आप आर्टिकल की मदद से इन नए डिजाइन के झुमके अपने आउटफिट के साथ मैच करके वियर कर सकती हैं।

### पीकॉक स्टाइल झुमके

इन दिनों ये पीकॉक स्टाइल झुमके काफी ट्रेंड में हैं और इन पीकॉक स्टाइल झुमके (झुमकी डिजाइंस) को आप अपने आउटफिट के साथ मैच करके पहन सकती हैं। इस झुमके में मोर का डिजाइन बनाया गया है साथ ही इन झुमके में मोतियां लगे हैं। इस तरह के पीकॉक स्टाइल झुमके आपको कई सारे कलर ऑप्शन में मिल जाएंगे जिन्हें आप



अपने आउटफिट के साथ मैच करके पहन सकती हैं और ये आपको आसानी से सस्ते दाम में मिल जाएंगे।

ये झुमके भी लहंगे के साथ वियर किए जा सकते हैं। ये लेयर्ड झुमका सिल्वर कलर में हैं और इस झुमके में दो लेयर में डिजाइन किया है। वहीं इस दो लेयर वाले झुमके में आप मोतियों का काम किया है और इस वजह से ये झूमक काफी खूबसूरत हैं। वहीं इस झुमके को आप अपने आउटफिट के साथ मैच करके पहन सकती हैं। वहीं इस तरह के झुमके आपको कई सारे ऑप्शन में मिल जायेंगे जिन्हें आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगहों से सस्ते दाम में खरीद सकती हैं।

## अरसे बाद कर रहे हैं शेविंग, तो अपनाएं ये कुछ जरूरी टिप्स नहीं होगी दाढ़ी में जलन

अगर आप लंबे अरसे से दाढ़ी रखे हुए हैं और अब क्लीन शेव का मूड है तो कुछ जरूरी कदम आपको उठाने चाहिए। यदि आपकी त्वचा की सतह असमान है, तो गंदगी, धूल और डेड कोशिकाओं के जमा होने के कारण शेविंग करना आपके लिए आसान या सहज अनुभव नहीं होगा। आपके चेहरे के खिलाफ रेजर ब्लेड को बार-बार रगड़ने से घर्षण पैदा होगा, जो बाद में चकत्ते और लालिमा का कारण बनता है। इससे बचने के लिए समय-समय पर एक्सफोलिएट करने की आदत डालें। इसमें कॉफी ग्राउंड, ओटमील या ब्राउन शुगर जैसे दानेदार पदार्थ का उपयोग करके अपना चेहरा साफ करना शामिल है। रोम छिद्रों के अंदर फंसे सभी कचरे को हटाने के लिए अपनी त्वचा को उनके पेस्ट से धीरे से स्क्रब करें। शेविंग से ठीक पहले ऐसा करने से आपको बेहतर परिणाम मिलेंगे। यकीन जानिए, ये बढ़ी हुई बियर्ड को भी शेविंग के लिए मुलायम करने में मदद करेगा।

### ल्यूब्रिकेंट का प्रयोग करें



रूखे चेहरे और बढ़ी हुई दाढ़ी को शेव करना मुसीबत का नुस्खा है। आप सचमुच अपनी त्वचा पर एक तेज ब्लेड मार रहे हैं! दोनों के बीच एक बाधा के रूप में काम करने के लिए नमी की आवश्यकता होती है। यह घर्षण को कम करता है और इस प्रकार, रेजर के स्ट्रोक लगने से चकत्ते के ग्रोथ की संभावना कम हो जाती है। ये ठीक बालों को उनकी जड़ से काटना भी आसान बनाता है और इसलिए, आपको एक नरम और चिकनी फिनिश देता है। इसीलिए, शेविंग की शुरुआत करने से पहले अपने चेहरे को प्री-शेव तेल या फोमिंग क्रीम से मालिश करने की बहुत जरूरत होती है। अगर आप प्री-शेव तेल से मसाज नहीं करना चाहते हैं या आपके पास उपलब्ध नहीं है तो भी इसका उपाय मौजूद है। दाढ़ी या स्ट्बल को पहले गर्म गुनगुने पानी से धोएं। चेहरे को धोने के बाद मोटे तौलिया से थपथपाकर एक्स्ट्रा पानी सुखा लें। पानी के सूख जाने के बाद गुनगुने नारियल तेल और समान मात्रा में एलोवेरा जेल मिलाकर बालों की मसाज करें। यकीन जानिए, ये नुस्खा बालों और दाढ़ी के नीचे की स्किन को बहुत मुलायम बना देता है। ये आजमाया हुआ नुस्खा है और कभी भी फेल नहीं होता है। एक बार इस्तेमाल के बाद आप अपने अनुभव भी हमसे शेयर कर सकते हैं।

### कार्नर न्यूज

## इन उपायों से अपने कपड़ों के कलर और फिटिंग भी रख पाएंगे बरकरार

# गर्मी में कपड़ों का ऐसे रखें ख्याल भूल जाएंगे नई ड्रेस खरीदना

*कपड़े जल्दी फटने या बदरंग होने के पीछे मुख्य कारण है- हमारी लापरवाही। इस वजह से लड़कों के गर्मियों के कपड़े जल्दी खराब हो जाते हैं। अगर आपके कपड़े भी लंबे समय तक नहीं चल रहे हैं तो आपको अपनी कुछ आदतों को बदलना होगा। सर्दी के कपड़ों की तुलना में गर्मी के दिनों में कपड़ों का ख्याल रखना जरूरी है। क्योंकि समर में कपड़े जल्दी खराब हो जाते हैं जबकि सर्दी के कपड़े खराब नहीं होते। इसलिए गर्मी की ड्रेस को धोने से लेकर सुखाने और उनको रखने तक हमें कुछ बातों का ध्यान रखना होता है। हम यहां पर उसके बारे में बात करने वाले हैं। बिना पानी के साफ करें कपड़े क्या हर बार कपड़ों को पानी से धोना जरूरी है?*



### डिटर्जेंट पाउडर के बिना कपड़ों की सफाई

गर्मी के दिनों में पसीने की वजह से हम कपड़ों को अधिक बार धोते हैं। इस वजह से फैब्रिक कमजोर हो जाते हैं। चूंकि पसीने को निकालने के लिए हर बार धोना जरूरी है। मगर डिटर्जेंट पाउडर हर बार उपयोग करना आवश्यक नहीं है। बिना डिटर्जेंट पाउडर के भी कपड़े को साफ पानी से धोया जा सकता है। इसके लिए कपड़े को साफ पानी में भिगोने के बाद उसको निचोड़ दें और महक के लिए लिक्विड का प्रयोग करें। इस तरह आप अपनी ड्रेस को डिटर्जेंट पाउडर से बचा सकते हैं। इससे आपके कपड़े की लाइफ बढ़ेगी।

### सही मात्रा में डिटर्जेंट पाउडर का प्रयोग

डिटर्जेंट पाउडर का इस्तेमाल कितना करना चाहिए? इसकी जानकारी डिटर्जेंट पाउडर के पैकेट पर लिखी होती है। इसके बावजूद भी कई लोग बिना पढ़े ही बाल्टी में डाल देते हैं। एक कपड़े के लिए भी उतना ही और चार कपड़े के लिए भी उतनी ही मात्रा में डिटर्जेंट पाउडर डालेंगे। ऐसे में कपड़े के फैब्रिक और रंग पर असर पड़ता है। इसलिए सही मात्रा में डिटर्जेंट पाउडर का उपयोग करें।

### डिटर्जेंट टिकिया का कम करें उपयोग

डिटर्जेंट पाउडर के बाद डिटर्जेंट टिकिया का इस्तेमाल, यानी दोनों चीजों को एक साथ क्यों इस्तेमाल करना। मगर लोग कपड़े चमकाने के चक्कर में ऐसा करते हैं। बात यहीं खत्म नहीं होती, वे लोग कपड़े पर डिटर्जेंट टिकिया को इतनी जोर से रगड़ते हैं जिससे वे जल्दी फट जाता है। हमें कपड़े धोने के साबुन का प्रयोग अपर वियर ड्रेस के लिए नहीं करना चाहिए। खासकर जींस, कैजुअल पैंट आदि के लिए ये सही होते हैं। मगर उन पर भी हल्के हाथ से डिटर्जेंट टिकिया रगड़ें।



## खबर संक्षेप



### दुर्गा मंदिर वसुधा महिला मंच का देवी जसगीत 13 को

**अम्बिकापुर।** वसुधा महिला मंच की बैठक सरगुजा शिल्प में श्रीमती सन्तोष पाण्डेय की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संयोजिका वन्दना दत्ता ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। सर्वसम्मति से इस वर्ष भी गांधी चौक स्थित दुर्गा मंदिर में चैत्र नवरात्रि की पंचमी को 3 बजे से 6 बजे तक शहर की महिला भजन मंडलियों को प्रोत्साहित करने देवी जस गीत आयोजित करने एवं हर क्षेत्र की महिलाओं को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। वसुधा सामान्य जन प्रतियोगितां के विजेताओं को भी 13 अप्रैल को सम्मानित किया जाएगा। बैठक में श्रीमती जया तिवारी, मिलन शर्मा, जयोति द्ववेदी, सरिता भाटिया, लीला अग्रवाल, नमिता चावला, रीता अग्रवाल, इला शर्मा, लिलि बसु राय, अनुभा डबराल, चयती अग्रवाल आदि उपस्थित थीं। बैठक में प्रसाद वितरण, शर्बत वितरण, मंच व्यवस्था आदि की जिम्मेदारी 3-3 सदस्यों को दी गई। महिला भजन मंडिलियों के लिए सदस्यों को अपना नाम देने के लिए 8 अप्रैल की तिथि निर्धारित की गई है।

### चुनाव को लेकर पुलिस अलर्ट, चला रही सघन वाहन चेकिंग अभियान



**सूरजपुर।** लोकसभा चुनाव, सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने, दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य को लेकर पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग का सघन अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस के इस अभियान के तहत शराब पीकर वाहन चलाने वालों तथा यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्ती बरती जा रही है। पुलिस अधीक्षक एमआर आहिरे के निर्देशन लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट है और वाहनों की सघन चेकिंग अभियान निरन्तर जारी है। जिले के थाना चौकी व यातायात पुलिस ने एएसपी संतोष महतो के मार्गदर्शन में पूरे जिले के नाकाबंदी प्वाइंट व शहर के विभिन्न स्थानों पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चला रहे है। 1 से 30 मार्च तक जिले के थाना-चौकी की पुलिस संघन वाहन चेकिंग अभियान चलाकर 3 हजार 148 वाहन चालक जो बिना हेलमेट, बिना लाइसेंस, बिना सीट बेल्ट, दो पहिया वाहन में तीन सवारी व बिना दस्तावेज एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर उनके विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही कर 10 लाख 5 हजार 2 सौ रुपये का समन शुल्क वसूल किया।

### सेवानिवृत्त तीन शिक्षकों को बीईओ ने दिया पेंशन अदायगी आदेश



**भैयाथान।** सेवा निवृत्त होने वाले तीन शिक्षकों को बीईओ घनश्याम सिंह ने सेवानिवृत्ति के एक दिन बाद पेंशन आदायगी आदेश प्रदान करने के साथ ही उन्हें श्रीफल, शॉल भेंटकर अपने कार्यालय से विदा किया। शिक्षक हीरालाल, गोविन्दराम और शिवप्रसाद वर्मा 62 वर्ष की आयु पूर्ण कर बीते रविवार को सेवानिवृत्त हुए। बीईओ घनश्याम सिंह ने सेवानिवृत होने वाले शिक्षकों को सोमवार को सभी औपचारिकताएं पूर्ण कर उन्हें पेंशन अदायगी आदेश तत्काल प्रदान किया साथ ही श्रीफल एवं शाल भेंटकर कार्यालय से विदाई दी। इस दौरान बीआरसी अनेंद्रनाथ दुबे, जन शिक्षक यशवंत सिंह, अभय वर्मा, अमरनाथ चौबे, वरिष्ठ शिक्षक सत्येंद्र सिंह, जयशंकर मिश्रा, अवधेश यादव सहित काफी संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे।

## अमन दोन, बाबापारा सहित कई क्षेत्रों में अवैध कब्जा में आई तेजी

# शासकीय भूमि पर अतिक्रमणकारी सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

नगरीय क्षेत्र में लंबे समय से शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे का खेल बदस्तूर जारी है। हैरानी की बात यह है कि राजस्व विभाग को इस की जानकारी है परंतु किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं करने से अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद है। ऐसा नहीं है कि शासकीय भूमि पर चल रहे अवैध कब्जे की शिकायत नहीं हुई है। शिकायतें तो होती हैं परंतु राजस्व विभाग द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई न कर संबंधित विभाग सिर्फ जुर्माना भरवा कर खानापूर्ति कर लेता है।

**खास बात**

- विभाग के कार्रवाई नहीं करने से अतिक्रमण कारियों के हौसले बुलंद

विकासखंड प्रतापपुर के खड़गवां रोड स्थित मिशन चौक के समीप कृषि विभाग का पुराना शासकीय भवन व गोदाम है जहां की शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कारियों की नजर लग गई है और अवैध रूप से कब्जा करने का खेल जारी है। गौरतलब है कि वर्षों पूर्व इस शासकीय भवन में कृषि विभाग का कार्यालय संचालित होता था। साथ ही यहां मौजूद गोदाम का उपयोग कृषि विभाग द्वारा कृषि बीज व अन्य कृषि उपकरण रखने में किया जाता था। कुछ साल पहले ही शासन ने बस स्टैंड के समीप कृषि विभाग के लिए एक नया भवन का निर्माण कराया जहां कृषि विभाग कार्यालय को स्थानांतरित किया गया। जिसके बाद से पुराना कृषि विभाग कार्यालय भवन व गोदाम दोनों उपयोगहीन अवस्था में पड़े हैं। इसी बात का फायदा अब अतिक्रमणकारियों द्वारा जमकर उठाया जा रहा है। गोदाम के सामने व उसके अगल बगल स्थित शासकीय भूमि पर कई लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर गुमटी व कच्चे मकान निर्मित कर लिया है। किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने से अतिक्रमणकारियों के हौसले इस कदर बुलंद हो गए है कि गोदाम के आसपास खाली जगह पर भवन का भी निर्माण कर रहे हैं। भवन निर्माण के लिए बकायदे नींव खोदकर पक्की दीवार उठाई जा रही है। अतिक्रमण कारी इतने शातिर है कि गोदाम के चारों ओर घेराव कर कर दिया है जिसके बाद गोदाम को तोड़कर वहां की भूमि को भी कब्जा करने योग्य बनाया जा सके। अब तक भवन व गोदाम के आसपास की कई डिसमिल शासकीय भूमि पर कब्जा कर लिया गया है। बावजूद इसके आज तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई। ऐसे में प्रशासन की नजर नहीं पड़ने से कई सवाल खड़े हो रहे हैं।



शासकीय भवन के बगल में किया गया अतिक्रमण।

### खिड़की दरवाजे ले उड़े चोर

जिस भवन में कृषि विभाग का कार्यालय संचालित होता था उसके कुछ हिस्से को तोड़कर उसमें लगे दरवाजे व खिड़कियां भी उखाड़ कर पार कर दिया गया है। साथ ही भवन के सामने स्थित भूमि पर भी अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है। अब स्थिति ऐसी है कि पूरे भवन को ही धीरे धीरे तोड़कर जमींदोज किया जा रहा है ताकि वहां की भूमि पर भी कब्जा किया जा सके। हालांकि भवन व गोदाम की सुरक्षा के लिए तार से घेराव किया गया था परंतु उसे भी काटकर रास्ता बना कर भवन में लगे खिड़की दरवाजों को पार कर दिया।

#### कृषि विभाग ने झाड़ा पल्ला

जिस भवन में कृषि विभाग का कार्यालय संचालित होता था उस भवन के खिड़की दरवाजे चोरी हो गए। हैरानी की बात यह है कि कृषि विभाग को जानकारी होने के बावजूद आज तक चोरी होने की सूचना पुलिस को नहीं दी और न ही भवन व गोदाम के सामने हुए अतिक्रमण की सूचना राजस्व विभाग को दी। इस संबंध में कृषि विभाग अधिकारियों ने बताया कि पूर्व में वहां कृषि विभाग का कार्यालय संचालित होता था परंतु वह जमीन कृषि विभाग की नहीं है और न ही वहां निर्मित भवन व गोदाम कृषि विभाग के थे।

#### हटाए जाएंगे अतिक्रमण

शासकीय भूमि पर जहां-जहां अवैध अतिक्रमण और कब्जा किया जा रहा है वहां तत्काल तहसीलदार राय पटवारी को निर्देशित कर कार्रवाई करने का अनुशंसा करती हूं। मामले की जांच कर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

ललिता भगत, एसडीएम प्रतापपुर

#### की जाएगी कार्रवाई

शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा पर नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कार्रवाई की जाएगी।

-पुष्पराज पात्रे, तहसीलदार



## बतौली कॉलेज में विद्यार्थियों को मतदान के लिए दिलाई गई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बतौली/सेदम

मतदाता जागरूकता सह होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन शासकीय महाविद्यालय बतौली में किया गया। विकासखंड बतौली में साक्षर भारत के परियोजना अधिकारी उमेश गुप्ता ने मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा बिना प्रलोभन और डर, भय के निर्भीक होकर अपने मताधिकार का उपयोग कर सकते हैं।

स्वीप के नोडल प्राध्यापक प्रो. गोवर्धन प्रसाद सूर्यवंशी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में सभी मतदाताओं को अपने पसंदीदा प्रत्याशी को मत देकर अपने मताधिकार का उपयोग करना है। सात चरणों में आयोजित लोकसभा चुनाव के तृतीय चरण में 7 मई को अधिक से अधिक मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करें। उन्होंने बताया कि जनजातीय क्षेत्र में पहाड़ी कोरवा एवं अन्य पिछड़ी जनजातियों में मतदाता जागरूकता के लिए महाविद्यालय द्वारा सर्वेक्षण कराया गया है। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों के साथ महाविद्यालयीन विद्यार्थियों द्वारा चिन्हित गांवों में पहाड़ी कोरवा एवं अन्य पिछड़ी जनजातियों के परिवारों की जानकारी एकत्रित कर अधिक से अधिक मतदान हेतु प्रेरित किया जा रहा है। स्वीप के नोडल प्राध्यापक प्रो. गोवर्धन प्रसाद सूर्यवंशी ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों को मतदाता जागरूकता शपथ दिलाई। इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य बीआर भगत, प्रोफेसर तारा सिंह, बलराम चंद्राकर, जिभियन खेस, सुभागी भगत, मधुलिका तिग्गा सहित अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम में मतदाता जागरूकता के लिए उल्लेखनीय कार्य करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## कोल उत्पादन के लक्ष्य से ढाई लाख टन पिछड़ा एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर ने रविवार 31 मार्च को खत्म हुए वित्तीय वर्ष में 20 लाख 46 हजार छह सौ पच्चीस टन कोयला उत्पादन करने में सफलता अर्जित की है।हालांकि 23 लाख टन के उत्पादन लक्ष्य से बिश्रामपुर क्षेत्र करीब ढाई लाख टन पीछे रह गया है।बताया गया कि नए वित्त वर्ष 2024-25 में क्षेत्र को 30 लाख टन कोयला उत्पादन करने का लक्ष्य है, इसके लिए सोमवार प्रथम दिवस से ही योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने और लक्ष्य को हर हाल में हासिल करने की प्रतिबद्धता से नये वित्तीय वर्ष का श्री गणेश किया गया है। नए वित्तीय वर्ष में आमगांव खदान से दस लाख की जगह बारह लाख टन सालाना कोयला उत्पादन के लिए ई -सी क्लियरेंस के लिए प्रयास तेज कर दिए गये हैं और इसकी जल्द मंजूरी की पूरी उम्मीद भी है। अमेरा खदान में भू-अधिग्रहण संबंधित तकनीकी दिक्कतों को दूर करने कंपनी स्तर पर प्रयास जारी है।कोल इंडिया की पहली एमडीओ मोड की खदान केतकी में इस वर्ष एक लाख अस्सी हजार टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य तय किया गया है। कुमदा खदान में पानी भरे होने के कारण डीवाटरिंग कराने के साथ प्रयास करते हुए यहां रोजाना पांच सौ टन कोयला उत्पादन करने के लिए प्रबंधकीय प्रयास जारी है। क्षेत्रीय महाप्रबंधक ने चर्चा के दौरान बताया कि उनकी पहली व जरूरी प्राथमिकता भूमि स्वामी ग्रामीणों को उनका हक दिलाना है, इसके तहत भू- राजस्व विभाग व जिला प्रशासन के सहयोग से भू स्वामियों के प्रकरणों को तेजी से निपटाकर कम्पनी मुख्यालय भेजते हुए संबंधित परिवार के सदस्य को नौकरी दिलाना है, वर्तमान में क्षेत्रीय प्रबंधन इस काम को प्राथमिकता से कर भी रहा है, इसके साथ खदान प्रभावित क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार भी किया जा रहा है। रेहर, गायत्री, केतकी, आमगांव खदान के नव निर्माण के साथ इस मार्ग के चौड़ीकरण सहित अन्य जरूरी कामों को प्राथमिकता के साथ मंजूरी दिलाकर पूरा कराया जा रहा है। सुरक्षित कोयला उत्पादन के साथ पर्यावरण का भी ध्यान रखते हुए प्लांटेशन कार्य को पूर्ण कराना मुख्य उद्देश्य रहेगा, क्षेत्र में स्थापित हो रहे बीस मेगावाट सोलर परियोजना का काम भी तेजी से कराया जा रहा है, आगामी दिनों में सोलर परियोजना शुरू हो जाएगी।कोयला उत्पादन के साथ डिस्पैच के लिए कोल इंडिया द्वारा ग्राम पेंडरखी में कोल साइडिंग स्थापना के लिए आईपीआरसीएल से सर्वे का कार्य आरंभ कर दिया गया है।कम्पनी महाप्रबंधक ने बताया कि इस साइडिंग की स्थापना के बाद से चार-पांच खदानों का कोयला परिवहन सुगम व आसान हो जायेगा।

- अब नए वित्तीय वर्ष के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने प्रबंधन हुई अग्रसर
- नए वित्तीय वर्ष 2024-25 में 30 लाख टन कोल उत्पादन का रखा गया है लक्ष्य
- बंद पड़ी कोल खदानों में ई - सी क्लियरेंस लेकर कोल उत्पादन शुरू कराना प्रबंधन के लिए बनी हुई है चुनौती

## गीता के वाचन से उत्पन्न होती है सकारात्मक ऊर्जा

**अम्बिकापुर।** महामना मालवीय मिशन और विवेकानंद आश्रम के संयुक्त तत्वाधान में आध्यात्मिक समागम का आयोजन स्वामी तन्मयानंद जी महाराज के सानिध्य में किया गया। समागम में गीता के अध्याय 13 का पाठ और संदर्भों के महात्म्य तथा गीता के मूल रहस्यों की विद्वानों ने व्याख्या की। स्वामी तन्मयानंद ने कहा कि आध्यात्मिक संवाद को सुनने और समझने के लिए अन्तर्मन की शुद्धता और स्थाई विचारों का होना आवश्यक है। जहां भी इस पवित्र ग्रंथ का वाचन होता है वहां साकारात्मक ऊर्जा उत्पन्न होती हैं। साकारात्मक ऊर्जा से समाज और परिवार में संस्कार पनपता है जिससे स्वच्छ वातावरण का निर्माण होता है तथा राष्ट्र उन्नति करता है। समाज की अवरोधक शक्तियों का ह्रस्य होता है, दुर्गुण नष्ट होने लगते हैं। भ्रष्टाचार और व्यभिचार जैसी समस्याएं अपने आप खत्म होने लगती है। मालवीय मिशन सप्ताहिक गीता पाठ का आयोजन कर बड़ा ही पुनित कार्य कर रहा है। डॉ अजय तिवारी ने कहा कि संत समागम और आध्यात्मिक संगोष्ठी में बैठने मात्र से व्यक्ति का अन्तर्मन पवित्र हो जाता है। व्यक्ति लगातार ऐसे आयोजनों में जाता है तो संस्कारवान बन जाता है। स्वह्दय की अनुभूति साकारात्मक ऊर्जा की ओर खींचती है। ब्रह्म शंकर सिंह ने कहा कि सभ्य और संभ्रांत समाज के निमार्ण के लिए आध्यात्मिक चिन्तन आवश्यक है। व्यक्ति ऐसे आयोजनों में जाता है तो मानसिक पवित्रता की सुगंध लेकर घर लौटता है और उसी सुगंध से परिवार सुवासित होने लगता है। ललित मोहन तिवारी ने कहा कि कर्म की पवित्रता और निरंतरता से व्यक्ति का व्यक्तित्व निखरता है। इसीलिए व्यक्ति को अपने कर्मों पर ध्यान देना चाहिए। दुर्गा प्रसाद तिवारी ने कहा कि आदर्श समाज के निर्माण के लिए सत्संग आवश्यक है। निर्थक समय को सार्थक बनाने के लिए वैदिक पौराणिक और आध्यात्मिक साहित्य पढ़ना चाहिए। जिसने इसमें डुबकी लगा लिया उसके जीवन में अवसाद आयेगा ही नहीं। कार्यक्रम का संचालन करते हुए राज नारायण द्ववेदी ने कहा कि भारतवर्ष की सनातन संस्कृति पूरे विश्व में भाईचारे का संदेश बांटती है। समान भाव, समान विचार और समान व्यवहार का वातावरण तैयार करने के लिए ऐसे आयोजनों का होना आवश्यक है। आभार प्रदर्शन महासचिव सुरेन्द्र गुप्ता ने किया। कार्यक्रम डॉ.वी.के. सिंह, मदन मोहन मेहता, रणविजय सिंह तोमर, अशोक सोनकर, श्री रामबदन, प्रकाश कश्यप, सचिदानंद पाण्डेय, जयप्रकाश चौबे और विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिका एवं छात्र उपस्थित थे।

- विवेकानंद आश्रम में किया गया आध्यात्मिक संवाद



## सेजेस जयनगर के बच्चों ने रंगोली व पोस्टर स्पर्धा में लिया हिस्सा

**बिश्रामपुर।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जयनगर में सोमवार को परीक्षा समाप्ति उपरांत स्कूल में बच्चों का नए सत्र का पहला दिन था। कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार सेजेश जयनगर के प्राचार्य वीरेंद्र जायसवाल के मार्गदर्शन में कक्षा पहली से पांचवी तक के छात्र-छात्राओं द्वारा मतदान जागरूकता से संबंधित पोस्टर बनाया गया। साथ ही कक्षा छठवीं से आठवीं तक के छात्र-छात्राओं से रंगोली प्रतियोगिता कराया गया, जिसमें बच्चों ने खूब बढ़-चढ़कर भाग लिया। यहां पर विजेता प्रतिभागियों का हौसला अफजाई करते हुए सभी से शत प्रतिशत मतदान किए जाने का आह्वान किया गया। इस दौरान विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।



## सीटीओ के अभाव में बलरामपुर खदान में कोल उत्पादन बंद

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर की कुमदा सहक्षेत्र की बलरामपुर खदान में 1 अप्रैल दिन सोमवार से कोयला उत्पादन बाधित हो गया है। बलरामपुर खदान की पर्यावरण स्वीकृति 31 मार्च 2024 तक के लिए थी, जिस कारण 1 अप्रैल से पर्यावरण स्वीकृति के अभाव में उक्त खदान से कोयला उत्पादन बंद कर दिया गया है। वर्तमान में क्षेत्र की रेहर खदान में भी पर्यावरण स्वीकृति आदेश के अभाव में पिछले एक नवंबर से कोयला उत्पादन बंद है। गौरतलब है कि वर्ष 1994 के नोटिफिकेशन के आधार पर उक्त खदान का ई - सी क्लियरेंस 31 मार्च तक वैलिड थी। अब नए नियमों अंतर्गत 2006 के सर्कुलर के हिसाब से सरकार पर्यावरण क्लियरेंस जारी कर रही है। पूर्व में ई - सी क्लियरेंस 14 बिंदुओं के आधार पर जारी होते थे जबकि अब 42 बिंदुओं के आधार पर सरकार ई - सी क्लियरेंस को जारी कर रही है। बताया गया कि कुमदा सहक्षेत्र की बलरामपुर खदान में प्रतिदिन साढ़े तीन सौ से चार सौ टन कोयला उत्पादन किया जा रहा था। यहां पर 500 की संख्या में मेन पावर कार्यरत हैं, जो तीनो पालियों में कोयला उत्पादन के कार्य में ड्यूटी करते हैं। यहां से जी -13 ग्रेड के कोयला का उत्पादन होता है। सन 1990 - 91से संचालित बलरामपुर खदान अभी भी कोयला उत्पादन में क्षेत्र को सहयोग कर रही थी। हालांकि बीच में उक्त खदान को बंद किए जाने की खबरें भी सामने आई थी लेकिन बाद में इन खबरों पर विराम लग गया था।अब देखना है कि नवीन पर्यावरण स्वीकृति आदेश प्रबंधन कितने दिनों में प्राप्त करने में सफल हो पाती है। तब तक यहां के श्रम शक्ति को प्रबंधन दूसरे क्षेत्र स्थानांतरण करती है या फिर उनका उपयोग स्थानीय खदानों में करती है।

### न्यायालय तहसीलदार सूरजपुर जिला- सूरजपुर (छ.ग.)

(सार्वजनिक उदघोषणा)

क्रं./Q/वाचक/2/2024 दिनांक 28/03/2024

सर्व साधारण ग्राम जोबगा तहसील सूरजपुर जिला-सूरजपुर (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि:- आवेदक शिवनरायण पिता/पतिः स्व. अनुप साय जाति पनिका निवासी ग्राम जोबगा तहसील एवं जिला सूरजपुर छ.ग. के द्वारा अपने पिता स्व. अनुप साय पिता/पत्नी बलदेव का मृत्यु दिनांक :- 20/06/1985 होनें से मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु स्थानीय रजिस्ट्रार (जन्म/मृत्यु ) रजिस्ट्रीकरण (मध्यप्रदेश) नियम 1973 के नियम 10 (3) के अंतर्गत निर्देश देने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आछेप/आपत्ति हो तो दिनांक 15/04/2024 को समय 11:00 बजे इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिकृत अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आछेप/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा । तदानुसार प्रकरण में कार्यवाही कर दी जावेगी।

आज दिनांक:- 28/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

तहसीलदार
सूरजपुर जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

सरगुजा मार्केट

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S, M.D. (पल्मोनरी मेडिसीन)
(सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स, मुम्बई)
स्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
दमा, खाँसी, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी, फेफड़े का कैंसर, इस्नोफिलिया, PFT, ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात् होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
दिनाँक-07 अप्रैल, 2024
दिन-रविवार, सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन न. 73542 60555

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज़ थाइराइड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ. संजीत जायसवाल
MD, DM (Endocrinologist)
डाइबिटीज ,थाइराइड, मोटापा,माहवारी में समस्या, नपुंसकता, निःसंतानता, हाई बीपी, कोलेस्ट्रॉल की समस्या, हड्डियों की कमजोरी एवं टेढ़ापन, छोटा कद की समस्या के लिये परामर्श हेतु उपलब्ध:
दिनांक - 07 अप्रैल 2024, दिन-रविवार
नोट- डॉ. प्रत्येक माह के पहले रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
संपर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एंड सुपर स्पेशलिटी सेंटर पारस हाइटस गेंहू बाडी, सी.एम.ओ. आफिस के बगल में, दर्रीपारा अम्बिकापुर
अग्रिम पंजीयन के लिए 7587722255 पर सम्पर्क करें।

न्यूरो ओ.पी.डी. प्रतिमाह दूसरे शनिवार
सिर एवं रीढ़ की हड्डी की चोटें, ब्रेन ट्यूमर एवं कैंसर, ब्रेन हेमरेज, डिस्क प्रोलेप्स, ब्रेन हिमेटोमा एक्सीडेंट, ट्रामा एवं सिर की चोटों का उपचार एवं परामर्श
डॉ. हर्षित मिश्रा
MBBS, MS, M.Ch. (Neuro Surgery) (AIIMS DELHI)
कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन
WE CARE SUPERSPECIALITY HOSPITAL RAIPUR
शनिवार, 13 अप्रैल, 2024 को परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे।
प्रात: 10.30 से दोपहर 02.30 बजे तक
अग्रिम पंजीयन आवश्यक
07774-221101, 9407910331, 9488142243
स्थान: संजीवनी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, नया बस स्टैण्ड, गौरवपथ, अंबिकापुर

डॉ अनिल कुमार यादव
एम.डी. (बी.एच.यू.) वाराणसी
सलाहकार अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर (छ.ग.)
मानसिक एवं न्यूरो रोग परामर्श
हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ गौरव त्रिपाठी
एमडी, डीएम (कार्डियोलॉजिस्ट)
डॉ रोशन लाल वर्मा
MD (T.B & RESPIRATORY DISEASES)
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी
दिनांक- 31 मार्च 2024, रविवार
समय - सुबह 10 से 04 बजे तक
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

TOP IN SURGUJA

शानदार 26 साल
मान्यता प्राप्त सेंटर में प्रवेश लें भविष्य सुरक्षित रखें
मंजूषा एकेडमी
Namnakala, Ring Road, Ambikapur Mob.-9826183771, 9691620315
अधिकृत सेंटर AISECT TEPL Tally Education CSC ACADEMY
COURSE GUIDANCE
DCA | PGDCA | BCA | BA | B.LIB MSW | PGDRD | MA | Tally MBA | MSC | MCOM | M.LIB

गायत्री हॉस्पिटल
CREATING HEALTHY TOMORROW MULTISPECIALITY HOSPITAL
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ उच्च ईलाज
सभी रोगों के विशेषज्ञ प्रतिदिन उपलब्ध
डॉ रितेश गुप्ता
MBBS, MD (Medicine), CCE BDM (Diabetes)
PG Diploma in Advance Diabetes Care (London)
F Clinical ASSO Non Invasive Cardiology (Lilavati Hospital, Mumbai)
PG Diploma Clinical Nephrology
ह्रदय, मधुमेह, किडनी, थायराइड रोग विशेषज्ञ सभी रोगों के विशेषज्ञ
24x7 इमरजेंसी सेवी भर्ती एवं आईसीयू ऑपरेशन
पंजीयन के लिए संपर्क करें
पता - बनारस रोड, पी. जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर
गायत्री मल्टीस्पेशलिस्ट हॉस्पिटल 9424250281, 8120906000, 8120809000

पहली बार भगन्दर, फिशर्स और पाइल्स का सफल इलाज अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
आपके शहर अम्बिकापुर (छ.ग.) में
लेज़र मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेज़र के फायदे
ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ।
रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी।
किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी।
फिर से होने की संभावना सबसे कम।
कम से कम समय में काम पुन: शुरू कर सकते है।
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक, रायगढ़ रोड, खरसिया नाका, अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा 497001 (छ.ग.)
मो. 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

पथरी मतलब लेजर हॉस्पिटल
क्योंकि यहां प्रतिदिन उपलब्ध है संभाग के एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
★ आधुनिक लेजर मशीन द्वारा पथरी का ईलाज
★ 10,000 से अधिक मरीजों का सफल ऑपरेशन
लेजर हॉस्पिटल
Add:- कोठीघर के पास, जिला अस्पताल रोड, अम्बिकापुर
Mo. No. 07774-22500, 6269814276 9542344694, 9434062770

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
दिनांक 19 अप्रैल 2024 दिन-शुक्रवार
डॉ. राहुल कपूर (Laparoscopy Urosurgeon)
उपलब्ध सुविधा
- आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
- दूरबीन से (बिना चीर फाड़) ऑपरेशन।
- किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन. BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का आप्रेशन।
- पेशाब रास्ते का सिकुड़न।
- किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, पोस्टटेट कैंसर का ईलाज।
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला सरगुजा)

1 Ambikapur-BHOOMI-pg 4-0_Layout 1 4/1/2024 10:19 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### साईं बाबा कॉलेज के पूर्व छात्रा नीति इंगोल को मिली डॉक्ट्रेट उपाधि



**अम्बिकापुर।** आर्गनाइजेशन विहेवियर एण्ड ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट के तहत कैन डूएलिटी ऑफ बाउंड्री स्पैनर्स बी नेस्टिंग स्पेस फॉर एट्रीब्यूशन ए मिक्स मेथड स्टडी विषय पर साईं बाबा आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय की पूर्व छात्रा नीति इंगोले को आईआईएम इन्दौर ने शोध कार्य के उपरांत डॉक्ट्रेट उपाधि प्रदान की है। पीएचडी उपाधिधारी नीति इंगोले ने बताया कि 2019 में उन्होंने भारतीय प्रबंध संस्थान इंदौर में पीएचडी के लिए पंजीयन कराया था। अनवरत परिश्रम और लगातार विषय विशेषज्ञों के मार्गदर्शन से यह शोध कार्य पूरा हो सका। वर्तमान में नीति भारतीय प्रबंध संस्थान अमृतसर में सहायक प्राध्यापक के पद पर पदस्थ हैं। नीति इंगोले को पीएचडी उपाधि दीक्षांत समारोह में प्रदान किये जाने पर महाविद्यालय शासी निकाय के अध्यक्ष विजय कुमार इंगोले, श्री शिरडी साईं शिक्षण समिति के सचिव अजय कुमार इंगोले तथा प्राचार्य डॉ.राजेश श्रीवास्तव ने शुभकामनाएं दी है।

### एसईसीएल के सोलह कोल कामगार हुए सेवानिवृत्त

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र से प्रतिमाह बड़ी संख्या में कर्मियों के सेवानिवृत्त होने के क्रम में गत 31 मार्च को सोलह कोल कामगार सेवानिवृत हो गए हैं ।सेवानिवृत्त होने वाले कामगारों में एरिया हेड क्वार्टर से जोहानी एक्का,धर्मपाल,रेस्क्यू ऑफिसर प्रदीप पात्रा,बलरामपुर दस- बारह खदान से चंद्रिका,गायत्री खदान से संतोष कुमार,सुनील कुमार मिर्धा,राजेंद्र कहार,बंसी, कवल साय,सुंदर राम, कुमदा सब एरिया से अवध बिहारी,राम विलास, रेहर खदान से जोगेंद्र प्रसाद,राधे लाल,लक्ष्मण सिंह,रीजनल वर्क शॉप से शत्रुघन प्रसाद गुप्ता के नाम शामिल हैं।

### करंट की चपेट में आने से गंभीर हुए युवक की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** वासिंग सेंटर की सफाई कर रहा युवक अचानक पाइप में करंट आ जाने से चपेट में आ गया। परिजन युवक को गंभीर हालत में निजी अस्पताल में दाखिल कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार सन्ना थाना अंतर्गत ग्राम सरडीह निवासी अनिरुद्ध आ. रामेश्वर राम (18वर्ष) 31 मार्च की सुबह वासिंग सेन्टर की सफाई कर रहा था। युवक पंप चालू कर पाइस से फर्स धोने लगा तभी पाइप पंप के विद्युत तार में फंस गया। युवक पाइप को खींचा तो विद्युत तार मोटर के फंखा के सम्पर्क में आने से कट गया जिससे पाइप में करंट आ जाने से युवक गंभीर रूप से झुलस गया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन युवक को गंभीर हालत में शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### मुक्तिधाम में मधुमक्खियों के हमले में दर्जन भर लोग घायल

**बिश्रामपुर।** नगर के मुख्य मार्केट निवासी एक युवक के अंतिम संस्कार के दौरान मधुमक्खियों द्वारा हमला किए जाने से दर्जन भर लोग घायल हो गए हैं। मधुमक्खियों के हमले उपरांत मुक्तिधाम में अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। गौरतलब है कि ग्राम पंचायत शिवनंदनपुर मुख्य मार्केट निवासी 26 वर्षीय युवक विमल कुशवाहा पिता शिवधारी कुशवाहा पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ्य चल रहा था जिसकी रायपुर में उपचार के दौरान मौत हो गई। युवक के अंतिम संस्कार में रेण नदी किनारे स्थित मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार के दौरान धुआं निकलने की वजह से मधुमक्खियों ने अचानक वहां मौजूद लोगों पर हमला कर दिया। मधुमक्खियों के हमले में नगर के रोहित गिरी, ललन भारती, देव प्रसाद सोनी, संजय चौधरी, मनीष गुप्ता, बब्लू गिरी, रामकुमार, अजय, उमेश, अमन, संदीप सहित दर्जन भर लोग घायल हो गए हैं। मधुमक्खियों के हमले उपरांत मुक्ति धाम में अफरा तफरी मच गई। घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिश्रामपुर में लाकर उपचार कराया गया।

### घर में फांसी लगाकर महिला ने की खुदकुशी

**बिश्रामपुर।** करंजी पुलिस चौकी के ग्राम खोपा निवासी 44 वर्षीया महिला पार्वती रजवार पति धनीराम रजवार ने सोमवार को घर में फांसी लगा खुदकुशी कर ली। पुलिस ने बताया कि महिला की दिमागी हालत पिछले दो वर्ष से ठीक नहीं थी साथ ही शारीरिक परेशानियों से जूझ रही थी, इस दौरान सोमवार को घर के म्यार में दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा व पीएम कराने उपरांत मामले में मर्ग कायम किया है।

## विभाग व ठेकेदार की बड़ी लापरवाही

# एक साल पूर्व बनी पानी टंकी से अब तक शुरू नहीं हो सकी आपूर्ति, भीषण जलसंकट से जूझ रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ धौरपुर

गर्मी का मौसम शुरू होते ही ग्राम पंचायत कुदर में भीषण जल संकट शुरू हो गया हैं। ग्राम कुदर में करोड़ों की लागत से बनी पानी टंकी शो-पीस बनी हुई है वहीं जूना कुदर का बोर सूख जाने के कारण ग्रामीणों को बूंद-बूंद पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। पानी टंकी बनवाने के बाद पीएचई के अधिकारियों ने अपनी जिम्मेदारी की इतिश्री कर ली है। जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम कुदर एवं जूना कुदर में बोर सफल नहीं होता। पीएचई द्वारा स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने जगह-जगह हैण्डपंप का खनन कराया गया लेकिन पानी नहीं निकला। जहां पानी मिला वहां हैण्डपंप लगाया गया लेकिन प्रभावित आबादी से हैण्डपंप की दूरी अधिक होने के कारण गर्मी में लोगों को भीषण जल संकट का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत कुदर में पुरानी टंकी से पेयजल की आपूर्ति की जा रही थी। पुरानी टंकी से पानी भरने के लिए ग्राम अमड़ी में ट्यूबवेल का खनन कराया गया था। 6 महीने पूर्व ट्यूबवेल सूख जाने के कारण पुरानी टंकी से पानी की आपूर्ति बंद है। शासन द्वारा गांव में अमृतजल मिशन के तहत एक साल पूर्व नई पानी टंकी का निर्माण किया गया है। ग्रामीणों को उम्मीद थी गर्मी प्रारम्भ होने पर पानी टंकी से जल आपूर्ति प्रारम्भ हो जायेगी। विभाग के अधिकारी एवं ठेकेदार लंबे समय से नई टंकी से पानी आपूर्ति प्रारम्भ करने की बात कह रहे हैं लेकिन अभी तक इस दिशा में कोई पहल नहीं की गई है। टंकी बनने के बाद 6 माह पूर्व टेस्ट किया गया पाइप लाइन में जगह-जगह लिकेज की समस्या आई है। ठेकेदार ने लिकेज की मरम्मत करने के बजाय निर्माण को ही बंद कर दिया। इसे विभाग की लापरवाही कहें या ठेकेदार की मनमानी कि गांव में भीषण जल संकट होने के बावजूद पेयजल आपूर्ति के लिए अब तक कोई पहल नहीं हुई है।

**खास बात**

- एक किमी दूर से महिलाएं ला रही पानी



ट्यूबवेल से पानी भरने की जद्दो जहद करती महिलाएं।

**ट्यूबवेल में कम पानी**

ठेकेदार द्वारा पानी आपूर्ति के लिए एक ट्यूबवेल का खनन कराया गया है। ट्यूबवेल से अपेक्षाकृत कम पानी उपलब्ध होने के कारण दूसरा ट्यूबवेल खनन कराने की योजना बनाई गई है लेकिन दूसरा ट्यूबवेल कब तक खुदेगा इसका समय निर्धारित नहीं है। स्थिति को देखते हुए पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने गांव के गोठान में स्थित ट्यूबवेल से तत्काल पानी की आपूर्ति प्रारम्भ करने को कहा था। ठेकेदार ने पंचायत प्रतिनिधियों को तत्काल गोठान के ट्यूबवेल से आपूर्ति प्रारम्भ करने का आश्वासन दिया था। बोरवेल से पानी आपूर्ति करने काम प्रारम्भ भी किया गया लेकिन दो महीने का समय गुजरने के बाद भी यह पूरा नहीं हो सका। पंचायत प्रतिनिधियों ने विभाग के अधिकारियों को स्थिति बताकर कई बार पानी की आपूर्ति तत्काल शुरू करने की मांग की लेकिन अधिकारी सिर्फ आश्वासन देते रहे।

**एक किमी से महिलाएं ला रही पानी**

गर्मी में सुबह होते ही पानी की जद्दोजहद शुरू हो जा रही है। गांव की महिलाएं गांव से बाहर खेतों में लगे ट्यूबवेल से पानी भर रही हैं। ट्यूबवेल पर पानी लेने महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। महिलाओं को पानी के लिए अपनी बारी आने का इंतजार करना पड़ रहा है। शादी-विवाह का सीजन होने के कारण बारात के लिए पानी की व्यवस्था करने के लिए लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**जूनाकुदर की हालत बदतर**

ग्राम पंचायत कुदर के आश्रित ग्राम जूनाकुदर की हालत और भी बदतर है। जूनाकुदर में एक साल पूर्व पानी टंकी का निर्माण किया गया हैं लेकिन अभी तक ट्यूबवेल का खनन नहीं हो सका है। ट्यूबवेल के अभाव में टंकी से पानी की आपूर्ति प्रारम्भ नहीं हो सकी है। विभाग के अधिकारी पानी के लिए ग्रामीणों को तरसने का इंतजार कर रहे हैं। विभाग के अधिकारियों एवं ठेकेदारों की मनमानी से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है तथा कभी भी विस्फोटक स्थिति निर्मित हो सकती है।

**ठेकेदार को करता हूं निर्देशित**

मैं ठेकेदार को तत्काल काम शुरू करने के लिए कहता हूं। शीघ्र ही जल संकट के निवारण का उपाय किया जाएगा।

-मुकेश गुप्ता
सहायक यंत्री, पीएचई



### आधा दर्जन स्टाफ क्वार्टर में चोरों का धावा, पार किया नकदी समेत जेवर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

उदयपुर सीएचसी अस्पताल परिसर स्थित आधा दर्जन स्टाफ क्वाटर का ताला तो चोरों ने नगदी समेत लगभग डेढ़ लाख कीमत के जेवरात पार कर दिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उदयपुर के ट्रांजिट हॉस्टल में ग्राउंड फ्लोर और प्रथम तल में 12 कमरे है।

30 मार्च की रात को ग्राउंड फ्लोर में रहने वाले हॉस्पिटल स्टाफ कोई नाईट ड्यूटी पर था तो कोई ड्यूटी ऑफ होने पर घर से बाहर थे और कुछ नर्स ईस्टर पर्व मनाने अपने कमरे में ताला लगाकर घर गए थे। इसी बीच चोरों ने सुने कमरे का ताला तोड़ रात में पूरा कमरा खंगाला और जो मिला उसे लेकर चले गए। जिसके कमरे में कुछ नहीं मिला उसका सारा सामान बिखरा हुआ था। कमरा नंबर पांच में रहने वाली स्टाफ नर्स तृप्ति प्रधान के कमरे से चोरों ने 60 हजार नगद, 3 गले का हार सेट, 2 चैन, 6 सोने की अंगुठी, चुड़ी 6 नग, गले का चैन 2 नग, चांदी का पायल 10 नग, कान का इयर रिंग 4 नग, मिक्सी तथा खाने का सामान चोरी कर ले गए। कमरा नम्बर 3 में रहने वाली सिस्टर पूजा सिंह का दो हजार नगद एक चांदी का कड़ा, कमरा नं. 6 की डॉ. स्वाति कुर्रे का पांच हजार रुपये नगद तथा घर के अन्य समान, कमरा नम्बर 2 की डॉ. कांता सिंह का तीन हजार रूपये नगद घड़ी तथा घर के खाने पीने का सामान, कमरा नम्बर 1 नेहा टोप्पो का सोने की बाली, 11 हजार रूपये नगद तथा घर का अन्य सामान, कमरा नम्बर 4 में डॉ. सोमेश शुक्ला के कमरे का ताला तोड़कर पूरे कमरे की तलाशी ली परंतु उनके कमरे में कुछ नहीं मिला। प्रथम तल के एक कमरे में अस्पताल के लिपिक सोये हुये थे परंतु उन्हे घटना की जानकारी नहीं हुई। चोरी होने की जानकारी तब लगी जब सुबह ड्यूटी से घर लौटी पूजा आई तो देखी सभी क्वाटर के ताला टूटे हुए है और कमरे में सामान बिखरे हुए है। घटना की रिपोर्ट तृपती प्रधान पति मनीष प्रधान (39 वर्ष) ने थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** नाबालिग को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। कमलेश्वरपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार लब्जी भट्ठी निवासी मुकेश कुमार द्वारा चंपारवा स्थित एकलव्य स्कूल में मजदूरी का कार्य करने के दौरान नाबालिग को शादी का झांसा देकर निर्माणाधीन स्कूल परिसर में दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपी लगातार शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। जब युवक ने शादी से इनकार कर दिया तो नाबालिग ने घटना की जानकारी मां को दी। नाबालिग की मां की शिकायत पर पुलिस ने लब्जी निवासी मुकेश कुमार आ. राजू भगत को धारा 376(3) एवं पाक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में प्रधान आरक्षक अखिलेश खेस्स, आरक्षक परवेज फिरदौसी, सूरज राठिया, महिला आरक्षक सविता पैकरा आदि सक्रिय रहे।

## वन विभाग की टीम ने बांस बाड़ी से हटाया अवैध अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर से लगे बांस बाड़ी में किए जा रहे अतिक्रमण के खिलाफ आज वन विभाग द्वारा कार्रवाई की गई है। वन विभाग की टीम द्वारा शंकरघाट समिति के साथ तीन लोगों द्वारा किए गए अवैध कब्जे को हटाया गया। इस दौरान कब्जाधारियों व वन विभाग के बीच जमकर विवाद हुआ लेकिन अंततः टीम ने अतिक्रमण हटा लिया। अतिक्रमणकारियों द्वारा वन विभाग की भूमि पर फेंसिंग कर मवेशी पालन के साथ ही खेती की जा रही थी। बताया जा रहा है कि सोमवार को वन विभाग की सूचना मिली थी कि शहर से लगे शंकरघाट बांस बाड़ी में कुछ लोगों द्वारा फेंसिंग कर अवैध रूप से जमीन पर कब्जा किया गया है। सूचना के बाद वन विभाग की टीम शंकर घाट समिति के साथ मौके पर अतिक्रमण हटाने पहुंची थी। इस दौरान अतिक्रमण करने वाले लोगों द्वारा कार्रवाई का विरोध शुरू कर दिया गया। अतिक्रमण करने वालों का कहना था कि क्षेत्र में अन्य लोगों ने भी अतिक्रमण किया है लेकिन उनपर कार्रवाई नहीं की रही है। बड़ी बात तो यह है कि इस स्थान पर शसकीय कर्मी, राजनैतिक दलों से जुड़े लोगों के साथ ही आम नागरिकों ने बेखौफ होकर कब्जा किया है।



### चोरों ने बाजार से पार किया युवक की बाइक

**अम्बिकापुर।** साप्ताहिक बाजार में खरीदारी करने गए युवक की बाइक को चोरों ने बाजार से पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार वाड्रफनगर निवासी रोहित कुमार आ. जयपाल राम (28 वर्ष) भगवानपुर में किराए के मकान लेकर बीएड का पढ़ाई करता है। 24 मार्च की शाम बाइक क्रमांक सीजी 15 डीजेड 0778 से अजिरमा साप्ताहिक बाजार खरीदारी करने गया था। युवक बाइक को बाजार के सामने खड़ा कर सब्जी लेने गया और कुछ समय बाद घर जाने के लिए निकला तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद भी जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 379 के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।



### ओलावृष्टि से रबी एवं सब्जियों की फसल को नुकसान, विभाग करा रहा क्षति का आकलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बतौली/सेदम

रविवार को देर शाम हुई ओलावृष्टि से गेहूं एवं सरसो के साथ ही सब्जियों की फसल को भारी नुकसान हुआ है। राजस्व विभाग पटवारियों के माध्यम से फसल क्षति का आंकलन करा रहा है। रविवार को देर शाम आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ने के साथ ही गरज-चमक के साथ अचानक ओलावृष्टि होने लगी। ओलावृष्टि से बतौली तहसील अंतर्गत ग्राम सवारपारा, मंगारी मुर्ताडांड एवं सेदम में काफी मात्रा में हुई है। ओलावृष्टि से जहां धान की पकी बालियों के दाने झड़ गए हैं वहीं सरसों की पकी फसल को भी भारी नुकसान हुआ है। ओले गिरने से टमाटर बैंगन सहित अन्य सब्जियों की फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। किसान ओलावृष्टि से 20 एकड़ से अधिक फसल को नुकसान होने की बात कह रहे हैं। इस संबंध में तहसीलदार तारा सिदार ने बताया कि ओला वृष्टि से हुई क्षति का आंकलन प्रभावित क्षेत्र के पटवारियों से कराया जा रहा है। आंकलन रिपोर्ट के अनुसार प्रभावित कृषकों को मुआवजा का भुगतान किया जाएगा।

## डॉ. सोनी को मिला भारत श्री नेशनल अवार्ड

**अंबिकापुर।** शहर के प्रतिष्ठित अधिवक्ता व आरटीआई कार्यकर्ता डीके सोनी को भारत श्री नेशनल अवार्ड प्रदान किया गया है। दिल्ली में इंटरनेशनल ह्यूमन राइट एंड क्राइम कंट्रोल कौंसिल तथा नेशनल एंटी करप्शन कमीशन द्वारा आयोजित भारत ध्वज महोत्सव के तहत आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रसिद्ध कॉमेडियन एहसान कुरैशी के करकमलों से उन्हें यह अवार्ड प्रदान किया गया। बता दें कि भारत ध्वज महोत्सव 2024 के तहत अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन इंटरनेशनल ह्यूमन राइट एवं क्राइम कंट्रोल कौंसिल तथा नेशनल एंटी करप्शन कमीशन द्वारा दिल्ली में किया गया था। इस कार्यक्रम में करप्शन के विरुद्ध आवाज उठाने वाले और समाज में करप्शन और मानवाधिकार के क्षेत्र में कार्य करने वालों से नॉमिनेशन मंगाया गया था। समारोह में संस्था द्वारा अधिवक्ता और आरटीआई कार्यकर्ता डॉ. डीके सोनी द्वारा सरगुजा सहित छत्तीसगढ़ में करप्शन और मानव अधिकार के हित में किए गए कार्यों के लिए चयनित कर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. डीके सोनी को देश के प्रसिद्ध कॉमेडियन एहसान कुरैशी के हाथों यह पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में इंटरनेशनल ह्यूमन राइट एव क्राइम कंट्रोल कौंसिल के डायरेक्टर आकांक्षा विद्यार्थी, चेयरमैन बीपी सिंह, दिल्ली करोल बाग से विधायक विशेष रवि एवं अन्य राज्यों के प्रतिनिधि तथा कई देशों के लोग शामिल हुए। डॉ. सोनी ने कहा कि यह अवार्ड उनके द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार, करप्शन के विरुद्ध और मानवाधिकार के कार्यों को करने की प्रेरणा देता है। डॉ. सोनी अब तक नेशनल और इंटरनेशनल स्तर पर 25 अवार्ड हासिल कर चुके है।

- दिल्ली में कॉमेडियन एहसान कुरैशी के हाथों किया गया सम्मानित



### मवेशी खरीदकर हल जुताई करने जा रहे ग्रामीण से 30 हजार की अवैध वसूली

**अम्बिकापुर।** मवेशी खरीदकर खेती करने के लिए जा रहे ग्रामीण को जान से मारने की धमकी देकर डराने व अवैध रूप से वसूली करने के मामले में पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से अवैध वसूली की रकम 30 हजार 200 रुपए भी बरामद किया है। कुन्नी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ जिले के कापू अंतर्गत रनपुर निवासी आनंद राम आ. घासी राम 30 मार्च की शाम 6 बजे चैतराम एक्का के साथ ग्राम जयपुर निवासी रामनारायण पैकरा से दो जोड़ी बैल 34 हजार 700 रुपए में खरीदा था। खरीदे गए बैल को लेकर हल जुताई के लिए ग्रामीण गांव जा रहा रहा था। इस दौरान कुन्नी अंतर्गत ग्राम तिरकेला के समीप निदेश साहू, नरेंद्र साहू व जवाहिर यादव ने उन्हें घेर लिया और गाली गलौज करने के साथ ही जान से मारने की धमकी दी। युवको द्वारा डराने पर ग्रामीण पेन अपने भतीजा से ऑनलाइन 30 हजार 200 रुपए दिनेश साहू के खाते खाते में ट्रांसफर कराया। इस मामले की शिकायत ग्रामीण ने पुलिस से की थी जिसके बाद पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ धारा 384, 294, 506, 341, 34 के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने ग्राम तिरकेला निवासी दिनेश साहू, नरेन्द्र साहू व जवाहिर यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपियों से 30 हजार 200 रुपए बरामद करने के साथ ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। इस कार्रवाई में चौकी कुन्नी से प्रधान आरक्षक सुरजीत कोरी, आरक्षक महेंद्र राजवाड़े, रामरूप यादव, विकास केरकेट्टा आदि सक्रिय रहे।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

## छात्रा से छेड़छाड़ व मोबाइल लूट का आरोप गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

परीक्षा देने के जाने लालमाटी बस स्टैंड में बस का इन्तजार कर रही छात्रा से छेड़छाड़ व मोबाइल फोन लूट के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। बतौली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार छात्रा 28 मार्च को लालमाटी बस स्टैंड में बस का इंतजार कर रही थी। इस दौरान खजूरपारा निवासी सूरज विश्वकर्मा मौके पर पंहुचा और छात्रा से छेड़छाड़ करने के साथ ही मारपीट की। इस दौरान युवक ने छात्रा का मोबाइल फोन लूट लिया और फरार हो गया। दहशत में आई छात्रा ने घटना की शिकायत पुलिस से की थी जिसके बाद पुलिस द्वारा घेराबंदी कर अंबिकापुर खजूरपारा निवासी 22 वर्षीय सूरज विश्वकर्मा को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 354, 506, 323, 392 के तहत कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में प्रधान आरक्षक देवशरण सिंह, आरक्षक सुल्तान अहमद, एहसान फिरदौसी, भगलू राम पैंकरा आदि सक्रिय रहे।



online Booking:-www.tripuryatra.com
सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
13 मई से 26 मई 2024, 15 मई से 28 मई 2024
17 मई से 30 मई 2024, 24 मई से 06 जून 2024
29 मई से 11 जून 2024, 01 जून से 14 जून 2024
राशि:-स्लीपर-18500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी 93406-38884
तिरुपति बालाजी में दर्शन की गारंटी समिति की रहेगी
By Train- रिजर्वेशन कोच
रामेश्वरम धाम यात्रा
रामेश्वरम धाम (ज्योतिर्लिंग)
तिरुपति बालाजी,
मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी
यात्रा दिनांक 18 जून 2024, 25 जून 2024, 09 जुलाई 2024
8 दिन की यात्रा
राशि: स्लीपर-12,500/-, 3AC-20,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ
डॉ. मोहित गुप्ता – MD (Medicine), मधुमेह एवं ह्रदय रोग विशेषज्ञ सामान्य एवं जटील रोग विशेषज्ञ
डॉ. हेमन्त कुमार बी – MBBS, DCH, DNB शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ किम्स हॉस्पिटल, आंध्रप्रदेश
डॉ. पूजा प्रजापति – MBBS, DNB (OBGY & Gynae-दिल्ली), FMAS-Jaypee Hospital-नोएडा, MRCOG (1) U.K., Ex. Sr. Dr. CIMS, बिलासपुर, Ex. Sr. Dr. JK Hospital- भोपाल, Ex. Spl (Obs & Gyn) NHM रायपुर, स्त्री, प्रसुति एवं बांझपन रोग विशेषज्ञ
डॉ. आशीष कुमार जायसवाल – एम.डी. फिजीशियन
डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय – MBBS, DNB Ortho हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. मनोज भारती – MBBS, MS, हाइड्रोसील, बवासीर, हार्निया, फिस्टुला स्तन की गांठ
मनोचिकित्सक एवं यौन रोग विशेषज्ञ
सौंदर्य बालों एवं चर्म रोग के विशेषज्ञ
डॉ. सुरभि – BDS, MDS (Oral Medicine & Radiology) दंत एवं मुख विशेषज्ञ
डॉ. हिमांशु गुप्ता – MD ONCO कैंसर रोग विशेषज्ञ
डॉ. विकास गुप्ता – MBBS, D-Ortho अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ. जी के दामले – MS, ENT, नाक कान गलारोगों के वरिष्ठ अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ. संदीप गुप्ता – MBBS, DCH मुंबई, शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ भूतपूर्व चिकित्सक वाडिया चाईल्ड हॉस्पिटल मुंबई
डॉ. प्रवीन कुमार सिंह – MBBS, MS, हाइड्रोसील, बवासीर हार्निया, फिस्टुला स्तन की गांठ
आडियोलॉजिस्ट & स्पीच थैरेपिस्ट
फिजियोथैरेपी एवं नैचुरोपैथी
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें 07774-222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध